सुधार न्यास के अधीन मकानों का निर्माण करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार को केन्द्रीय सहायता

2809. **श्री राम सेवक यादव** : क्या स्वास्थ्य तथा **परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार ने "सुधार-न्यास" के अधीन मकानों का निर्माण करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार को कुछ धनराशि दी थी ;

(ख) यदि हां, तो वह राशि किन शर्तों पर दी गई थी ;

(ग) क्या एक यह भी शर्त थी कि ये मकान इनमें रहने वाले लोगों को किराया खरीद आधार पर बेच दिये जायेंगे ; और

(घ) यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने अब तक क्या कार्यवाही की है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री परिमल घोष) : (क) से (घ). सुधार न्यासों द्वारा विशेषकर मकानों के निर्माण के उपयोग में लाने के लिये राज्य सरकारों को कोई धन नहीं दिया गया था, न ही दिया जा रहा है। चतुर्थ योजना अवधि के दौरान राज्य सरकारों को सभी राज्य क्षेत्र कार्य-क्रमों (जिनमें आवास सम्मिलित है), सभी के लिये, केन्द्रीय सहायता खंड ऋणों और खंड अनुदानों के रूप में उनकी प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं के अनुसार उपयोग करने के लिये दी जाती है।

इस विभाग द्वारा बनाई गई तीन सामाजिक आवास योजनाओं के अन्तर्गत, नामतः निम्न आय वर्ग आवास योजना ; मध्यम आय वर्ग आवास योजना और गंदी बस्ती हटाओ। सुधार योजना, राज्य सरकारें अपने नामित अभिकरणों द्वारा जिसमें म्युनिसप्लीटीज/सुधार न्यास शामिल हैं, मकानों के निर्माण कराने में स्वतंत्र हैं इन योजनाओं के अन्तर्गत बनाये गये मकानों को इन योजनाओं के कार्यान्वयन के लिये राज्य सरकारों द्वारा बनाये गये नियमों के अधीन शर्तों के आधार पर लागत की सीधी अदायगी अथवा किराया खरीद आधार पर बेचा जा सकता है।

जवाहर-ज्योति पर खर्च

2810. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तीनमूर्ति पर स्थापित जवाहर-ज्योति पर वर्ष 1970 में अब तक कुल कितना खर्च हुआ है ;

(ख) यह खर्च किस शीर्षक के अधीन किया गया है ; और

(ग) उक्त ज्योति के रख-रखाव पर कितने व्यक्ति नियुक्त किये गये हैं तथा उन्हें कितना मासिक वेतन दिया जाता है ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री परिमल घोष) : (क) 26,383 रुपये (1 जनवरी, 1970 से 31 अक्टूबर 1970 तक)।

(ख) "50 पब्लिक वर्क्स-रिपेयर बिल्डिंग जनरल एडमिनिस्ट्रेशन"।

(ग) ज्योति के प्रतिदिन के रख-रखाव पर लगाये गये कुल कर्मचारियों की संख्या 4 है जिनका प्रतिमास का वेतन 371 रुपये है।